संख्याः जी–2–11/दस–2011

प्रेषक,

अनूप मिश्र,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांकः 24 जनवरी, 2011

विषयः **अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य भविष्य निधि पासबुक प्रणाली का लागू किया जाना।**

महोदय,

शासन स्तर से समय–समय पर अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य भविष्य निधि पासबुक प्रणाली लागू किए जाने के संबंध में पार्श्वांकित

1–संख्या सा–4–1215/दस–90–506/88, दि0 20 फरवरी, 1991
2–संख्या सा–4–539/दस–91–506/88, दि0 04 अक्टूबर, 1991
3–संख्या सा–4–237/दस–92–506/88, दि0 10 मार्च, 1992
4–संख्या जी–2–926/दस–2006–302/2006, दि0 14 जून, 2006

शासनादेशों द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए हैं, किन्तु इस संबंध में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद द्वारा यह तथ्य शासन के संज्ञान में लाया गया है कि उक्त शासनादेशों में दिए गए दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है, यह स्थिति उचित नहीं है।

2– इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप अपने स्तर से अपने से संबंधित आहरण–वितरण अधिकारियों को यह निर्देश दे दें कि वे कृपया पार्श्वांकित शासनादेशों में दिए गए दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(बी0 के0 सिंह)
विशेष सचिव

संख्या–जी–2–11(1)/दस–2011, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2– प्रमुख सचिव, नियुक्ति विभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित वे प्रदेश सरकार के अधीनस्थ आई0ए0एस0 अधिकारियों की पासबुकों के रख–रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें और प्रदेश के समस्त आई0ए0एस0 अधिकारियों को इस आदेश की प्रतिलिपि इस आशय से भिजवाने की कृपा करें।

3– पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे अपने अधीनस्थ आई0पी0एस0 अधिकारियों को इस आदेश की प्रतिलिपि उपलब्ध कराते हुए पासबुकों का रख–रखाव हर स्तर पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

4– प्रमुख सचिव, वन विभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे प्रदेश के समस्त आई0एफ0एस0 अधिकारियों को इस आदेश की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5– इरला चेक अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे सचिवालय में कार्यरत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की जी0पी0एफ0 पासबुकों का रख–रखाव सुनिश्चित करने का कष्ट करे।

6– नियुक्ति अनुभाग–1/4/6

7– वन अनुभाग–1

8– गृह (पुलिस सेवायें) अनुभाग–1/2

9– समस्त कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

10– राज्य सरकार के अधीन कार्यरत समस्त अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी।

आज्ञा से,

(बी0 के0 सिंह)
विशेष सचिव

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 148 सा0 वित्त–7.2.2011–(2314)–3000 प्रतियां (आफसेट)।